दिन— गुरूवार दिनांक— 30 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी डीएम और एसपी के साथ सीधा संवाद किया। कार्याशाला के रूप में आयोजित इस महत्त्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रशासनिक निगरानी बढ़ाने और जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा है। अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग सुधार और जिलावार प्रदर्शन की गहन समीक्षा भी की गई। सभी प्रमंडलीय आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप महानिरीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला में शामिल हुए।

———————————————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि राज्य में कानून का शासन स्थापित है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध के विरूद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी है। भागलपुर के सुल्तानगंज और सीवान में अपराधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए श्री झा ने कहा अपराधियों को अब अपराध छोड़ना ही होगा।

———————————————————————————————

विधान परिषद की एक सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने आज अपना नामांकन दाखिल किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत एनडीए के कई नेता मौजूद थे। नामांकन के अंतिम दिन आज विपक्षी दलो की ओर से अभी तक कोई नाम घोषित नहीं किये जाने के कारण अरविंद शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। यह सीट पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के विधायक निर्वाचित होने के कारण रिक्त हो गई थी।

---

कोसी और गंडक परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर भारत और नेपाल की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक आज काठमांडू में हो रही है। यह बैठक कल तक चलेगी। साथ ही दोनों देशों से होकर बहने वाली नदियों में बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर दो मई को संयुक्त बैठक होगी। इस बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

---

काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश के कारण तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कल आये आंधी बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये। पटना, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सीतामढ़ी और कटिहार समेत कई जिलों में घंटों तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही। रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। कई कई जगहों पर ओलावृष्टि के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पूर्णियां के कस्बा में सबसे अधिक सत्तासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, पूर्णिया, बेगूसराय, अररिया, किशनंगज और कटिहार समेत पच्चीस जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की आशंका है। विभाग के अनुसार प्रदेश में चार मई तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जिले के विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण के क्रम में बिना सूचना अनुपस्थित रहे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये है।

---

सीवान के अंबेडकर भवन में सोलर मेले का आयोजन किया गया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत स्वच्छ एवं सस्ती बिजली को लेकर जागरूकता के लिए आयोजित मेले का आयोजन जिलाधिकारी ने किया।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर में पिछले दिनों हुए गोली कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक निर्मला कुमारी ने बताया कि वर्चस्व की लड़ाई में अपराधियों ने दूसरे गूट के अपराधी पुट्टू मिश्रा की गोली मार कर हत्या कर दी। इस संबंध में तीन शूटरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

काची कामकोटी पीठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य श्री बिजेन्द्र सरस्वती ने सहरसा के महिषी में धार्मिक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में बौधिक एवं सांस्कृति विकास का बढ़ावा देने के लिए विद्या, वेद और वैद्य के क्षेत्र में काम किया जा रहा है।

———————————————————————————

समाप्त